(c) if not, how long it will take to utilise these vaccines for treatment?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF HEALTH (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) Yes. Sir.

(b) and (c) *Anti-Leprosy Vaccine* One of the vaccines is being tested on human beings. No information on its efficacy in man is available so far. The vaccines will have to be evaluated for efficacy in man in carefully conducted controlled trials before they can be used on a mass scale in the programme. It is likely to take a minimum period of 5 years.

Anti-pregnancy Vaccine: The necessary preclinical toxicology data would be made available by September, 1985 and clinical trials are likely to be initiated soon after obtaining use required permission from the Drugs Controller of India. The clinical Trial of the Vaccine is expected to be completed by the end of 1990.

मेड़ता में अजमेर वाया पुष्कर रेल मार्ग

1444. **श्री भंवर लाल पवार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मेंड़ता से अजमेर बरास्ता पुष्कर, कोई रेल लाइन बिछाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ख) क्या इस रेल मार्ग का कोई सर्वेक्षण किया गया है, यदि हां, तो इस योजना पर कब तक काम शुरू हो जायेगा और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिन्धिया) : (क) और (ख) पुष्कर के रास्ते अजमेर से मेड़ता रोड तक एक नय रेल सम्पर्क के लिय टोह इंजीनियरी सर्वेक्षण चल रहा है। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद इस परियोजना के बारे में विनिश्चय किया जायेगा, बशर्ते फंड्स उपलब्ध हो और योजना आयोग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी जाये।

सोचित रोड तथा मेड़ता के बीच प्रस्तावित रेल लाइन

1445. **श्री भंवर लाल पवार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या सरकार राजस्थान के पाली जिले में सोचित रोड तथा मेड़ता के बीच रेल लाइन बिछाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) क्या इस कथित रेल पथ का सर्वेक्षण कर लिया गया है; और

(ग) यदि हा, तो इस परियोजना पर कार्य कब तक शुरू होने की आशा है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिन्धिया) : (क) जी नहीं।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

जमालपुर रेलवे कार्यशाला का विस्तार

1446. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) पूर्वी रेलवे की पुरानी जमालपुर कार्यशाला के विस्तार के लिये कितनी राशि आबंटित की गई है ; और

(ख) अब तक खर्च की गई राशि कितनी है ?